## महत्वपूर्ण एवं खास

### डूण्डा से तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा थाना पुलिस ने डूंडा स्थित एक मकान में दबिश देकर गांजा बेच रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से पांच किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना टिकरापारा पुलिस को शुक्रवार को मिली कि थाना क्षेत्रांतर्गत मुजगहन रोड बोरियाखुर्द पास ग्राम डूण्डा स्थित एक मकान में कुछ युवकों द्वारा मादक पदार्थ गांजा की खरीदी बिक्री की जा रही है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकापारा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर रेड मारी गई। इस दौरान मकान के अंदर 3 युवक मिले। जिनसे पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम मोहम्मद आजम, दुर्गेश बाघ एवं इकबाल खान निवासी रायपुर का होना बताया। जब टीम के सदस्यों द्वारा मकान की तलाशी ली गई तो उन्हें झिल्लियों में गांजा रखा मिला। जिसके बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती लगभग 50 हजार रूपये जप्त किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है। आरोपियों में से मोहम्मद आजम पूर्व में नारकोटिक्स एक्ट तथा आरोपी दुर्गेश बाघ सट्टा एवं प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल चुके है।

### मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लीनिक: 1.32 लाख से ज्यादा महिलाओं का हुआ निशुल्क इलाज

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री दाई-दीदी मोबाइल क्लीनिकों के माध्यम से अब तक राज्य में करीब 1776 कैम्प लगाएं जा चुके हैं। इनमें रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई नगर निगम क्षेत्र की स्लम बस्तियों में रहने वाली 1 लाख 32 हजार 888 महिलाओं एवं बच्चियों का उनके घर के पास ही दाई-क्लीनिक कैंप के माध्यम से इलाज किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना संचालित है। योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक की मोबाइल मेडिकल यूनिट के वाहन में महिला चिकित्सकों और महिला स्टॉफ की टीम पहुंचती है तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चियों की विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क इलाज करती है। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 24 हजार 146 महिलाओं का लैब टेस्ट किया गया तथा 1 लाख 27 हजार 99 महिलाओं को नि:शुल्क दवाईयां दी गई। इससे गरीब स्लम क्षेत्र में रहने वाली तथा मेहनत मजदूरी करने वाली ऐसी महिलाएं जो समयाभाव या अन्य कई कारणों से अपना इलाज नहीं करा पा रही थी, उन्हें इलाज की सुविधा घर के पास ही महिला चिकित्सकों और चिकित्सा स्टॉफ के माध्यम से मिल रही है।

### अग्निवीर में भर्ती के लिए वायु सेना के अधिकारी जिले के युवाओं को 14 और 15 को देंगे मार्गदर्शन

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के युवाओं को भारतीय वायु सेना में अग्निवीर में भर्ती के लिए वायु सेना के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। वायु सेना के अधिकारी 14 और 15 दिसंबर को युवाओं को स्कूल और कॉलेजों में भर्ती के लिए मार्गदर्शन देंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वायु सेना के अधिकारी 14 दिसंबर को लाइवलीहुड कॉलेज में सुबह 11 से 01 बजे तक और इसी दिन शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गुरसियां में दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक युवाओं को भर्ती के लिए मार्गदर्शन देंगे। 15 दिसंबर को वायु सेना के अधिकारी शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कॉलेज कटघोरा में 11 से 01 बजे तक और इसी दिन शासकीय आईटीआई पाली में दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक मार्गदर्शन देंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने युवाओं से निर्धारित तिथि और संस्थानों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर वायु सेना में भर्ती के लिए जरूरी मार्गदर्शन प्राप्त करने की अपील की है।

# मत्स्य पालन की कला में पारंगत हो रही हैं महिलाएं

- गौठान स्थित तालाब में मछली पालन को बनाया कमाई का जरिया
- राज्य सरकार द्वारा मछली पालन को प्रदान किया है कृषि का दर्जा
- मत्स्य कृषकों को मिल रहा है बिना ब्याज का ऋण, बिजली दर में छूट एवं नि:शुल्क पानी
- छत्तीसगढ़ राज्य को मत्स्य पालन के क्षेत्र में मिला है बेस्ट इनलैंड स्टेट का पुरस्कार



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार द्वारा मछली पालन को कृषि का दर्जा प्रदान किये जाने से मत्स्य कृषकों को बिजली दर में छूट एवं नि:शुल्क पानी और बिना ब्याज ऋण प्राप्त मिलने से उत्पादन लागत में बहुत कमी आई है। मत्स्य कृषकों की आमदनी में वृद्धि हो रही है। प्रदेश में मछली पालन के लिए 1.999 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र उपलब्ध है, जिसमें से अब तक 1,961 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र विकसित किया जा चुका है, जो कुल उपलब्ध जलक्षेत्र का 98 प्रतिशत है। नदीय जलक्षेत्र लम्बाई 3573 किलोमीटर प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है। ग्रामीण तालाब 1.173 लाख एवं सिंचाई जलाशय 0.825 लाख हेक्टेयर जलक्षेत्र मछली पालन के लिए उपलब्ध है। राज्य में उन्नत प्रजाति के मत्स्य बीज का उत्पादन किया जा रहा है और राज्य मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। कोरिया जिले में भी राज्य सरकार के इस प्रोत्साहन और कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के गौठानो में स्थित तालाबों में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर मत्स्य पालन कार्य से जोड़ा गया है। घरेलू काम-काज में व्यस्त रहने वाली महिलाओं के लिए गौठान आर्थिक उन्नति का नवीन माध्यम बनकर उभरे हैं, आजीविकामूलक गतिविधियों से महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम चेरवापारा की मातेश्वरी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के जीवन में तब बदलाव आया जब उन्होंने मत्स्य पालन का कार्य शुरू किया। समूह की अध्यक्ष प्रमिना बताती हैं कि हमारे समूह में 10 महिलाएं हैं। हम आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कुछ काम करना चाहते थे, पर मार्गदर्शन के अभाव में बात नहीं बन पा रही थी। जब जिला प्रशासन के अंतर्गत मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा हमें मत्स्य पालन के विषय में जानकारी दी गई, तो महिलाओं में यह काम करने की जिज्ञासा जागी। समूह ने मत्स्य पालन का कार्य शुरू करने के लिए विधिवत इसकी कार्ययोजना को समझा और पूरी जानकारी मिलने के बाद मत्स्य पालन का कार्य शुरू किया। प्रमिना ने बताया कि मत्स्य पालन से समूह को विगत वर्ष 50 हजार रुपए से ज्यादा तक का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ और इस वर्ष उन्हें इससे अधिक लाभ की उम्मीद है। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक सूर्यमणि द्विवेदी ने बताया कि इस समूह द्वारा विगत 3 वर्षों से गौठान स्थित तालाब के 0.50 हेक्टेयर जलक्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन प्रसार योजना के तहत समूह को 25 लाख मत्स्य स्पॉन तथा एक मत्स्य जाल प्रदाय किया गया है। जिस पर शत प्रतिशत अनुदान शामिल है। समूह को मत्स्य पालन कार्य हेतु विधिवत पूरी जानकारी भी दी गयी। जिससे वे बेहतर तरीके से कार्य कर सकें और लाभ अर्जित कर सकें। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यो में शामिल है। अब यहॉ मछली अनुसंधान के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की इकाईया भी आगे आ रही है और छत्तीसगढ़ राज्य को मत्स्य पालन के क्षेत्र बेस्ट इनलैंड स्टेट का पुरस्कार भी मिल चुका है।

# कुरीयर संचालक की चतुराई से पकड़ी गई लेडी ड्रग डीलर

**रायपुर (आरएनएस)।** कुरीयर संचालक की चतुराई व समझदारी से शुक्रवार को राजधानी पुलिस को एक लेडी ड्रग डीलर तथा उसके साथी को पकडऩे सफलता मिली है। आरोपीगण बड़ी ही चतुराई से कुरियर के माध्यम से अवैध नशे की डिलीवरी कर रहे थे, लेकिन कुरियर संचालक की चतुराई से पकड़े गए। रायपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को रायपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार एनसीबी इंदौर में सूचना अधिकारी के पद कार्यरत सुनील कुमार वर्मा ने थाना देवेन्द्र नगर में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें कृषि उपज मण्डी के पास जिला रायपुर स्थित मारूति कुरियर कंपनी के लिगल हेड राम यादव का एक मेल क्षेत्रीय निर्देशक



एनसीबी इंदौर की मेल आईडी पर प्राप्त हुआ, जिसमें मारूति कुरियर के रायपुर स्थित शाखा में एक पार्सल में संदिग्ध ड्रग होने की संभावना की सूचना प्रदाय की गई। एनसीबी, इंदौर के सुनील कुमार वर्मा सूचना अधिकारी के नेतृत्व में उनकी 4 सदस्यीय टीम रायपुर आकर उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को अवगत कराया गया। इसके बाद कुरियर कंपनी के सी 54 सेक्टर 5 देवेन्द्र नगर कृषि उपज मंडी रायपुर स्थित शाखा में मैनेजर प्रमोद कुमार पटेल से उक्त संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने संदिग्ध पार्सल दिखाया। खोलकर देखने पर उसमें एक टी-शर्ट के अंदर एक खाकी रंग के गत्ते के पर 4 पारदर्शी पॉलीथीन टेप के माध्यम से चिपकाई गई थी, जिसमें सफेद क्रिस्टल नुमा पदार्थ होना पाया गया। संदिग्ध पार्सल में रखें संदिग्ध पदार्थ की एनसीबी इंदौर की टीम के पास उपलब्ध ड्रग डिटेक्शन किट के माध्यम से प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें संदिग्ध मादक पदार्थ के प्रथम दृष्टया अवैध मैथाफेटामाईन ड्रग होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा दोनों की पतासाजी करना प्रारंभ करते हुए आरोपी दीप्ति रानी भारद्वाज और संदीप कुमार चंद्राकर को माना एयरपोर्ट में पकड़ा गया। पूछताछ करने पर संदीप चन्द्राकर द्वारा बताया गया कि ड्रग को उसके दोस्त मानस निवासी दिल्ली द्वारा उसे दिया गया था, जिसे दीप्ति रानी भारद्वाज द्वारा मारूति कुरियर रायपुर में संदीप के नाम से कोरियर किया गया था जिसे दोनों आरोपी गोवा में प्राप्त करने वाले थे। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 ग्राम मैथाफेटामाईन ड्रग और घटना से संबंधित अल्टो कार क्रमांक सीजी-15डीडी-5783 जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 22, 8 नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों से इस चैन में जुड़े अन्य लोगों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है।

# हत्या की वारदात में शामिल नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मुलन अभियान के तहत वर्ष 2019 में ग्राम कोहकामेटा निवासी मुंगलू राम नुरेटी की मुखबिरी के संदेह पर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, इस हत्या की वारदात में शामिल 01 नक्सली आयतु राम उसेण्डी को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2019 में ग्राम कोहकामेटा निवासी मुंगलू राम नुरेटी की मुखबिरी के संदेह पर गोली मार कर हत्या की घटना पर थाना नारायणपुर में माओवादियों के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 506, 302, 452 भादवि, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं 13(1), 38(1)(2), 39(1) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया था। दौरान पतासाजी के ज्ञात हुआ कि मामले में संलिप्त आरोपी आयतु राम उसेण्डी को नारायणपुर आने की सूचना पर पुलिस के द्वारा कुम्हारपारा क्षेत्र से नक्सली आयतु उसेण्डी निवासी कुतूल को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2000 से नक्सली संगठन कोहकामेटा संघम सदस्य के रुप में कार्य करना बताया एवं जो फरवरी 2019 में नक्सलियों के साथ मिलकर कोहकामेटा निवासी मुंगलु राम नुरेटी की पुलिस मुखबिरी के संदेह पर हत्या कर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। मामले में आरोपी आयतु राम उसेण्डी को नारायणपुर पुलिस के द्वारा कर्यवाही के उपरांत शुक्रवार को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। गिरफ्तार नक्सली आयतु राम उसेण्डी के संबंध में पूर्व में नारायणपुर पुलिस द्वारा तीन हजार रुपये का ईनाम उद्घोषणा आदेश जारी किया गया था।

# कानन पेंडारी से 65 नीलगाय और 19 चीतल जाएगे अचानकमार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्थित कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क से नीलगाय और चीतल को अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ा जा रहा है. गुरुवार और



शुक्रवार को इनकी शिफ्टिंग का काम पूरा होगा. कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क के एसडीओ संजय लूथर ने बताया यह प्रक्रिया महीनों से चल रही थी. एनडीसीए से आदेश मिल गया है।

65 चीतल की शिफ्टिंग के बाद 19 नीलगाय को शिफ्ट किया जाएगा। दो नीलगाय को बैकुंठपुर स्थित गुरु घासीदास नेशनल पार्क में शिफ्ट किया था। 65 चीतलों को अचानकमार टाइगर रिजर्व भेजने की तैयारियां शुरू कर दी गई है। यहांनीलगाय और चीतल की संख्या बढ़ गई है. ऐसे में केज छोटा पड़ रहा है. ज्यादा संख्या होने की वजह से इनमें हमेशा संघर्ष होता है. जिससे जानवरों को गंभीर चोट लग जाती है. इस समय पेंडारी में 31 नीलगाय और 95 चीतल है. इनमें से 65 चीतलों को अचानकमार टाइगर रिजर्व भेजा जा रहा है. इससे पहले 2 नीलगाय को बैकुंठपुर के गुरुघासीदास नेशनल पार्क में शिफ्ट किया गया था।

# ड्रग डिस्पोजल समिति ने नष्ट किया करोड़ो का मादक पदार्थ

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेंज स्तरीय गठित ड्रग डिस्पोजल समिति के द्वारा शुक्रवार को सिलतरा स्थित प्लांट में जिला रायपुर रेंज तथा रायपुर रेंज के समस्त थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जप्त मादक पदार्थो का नष्टीकरण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया। नष्टीकरण के प्रक्रिया के दौरान रायपुर जिले में गांजा/प्रतिबंधित नशीली सिरप एवं टैबलेट के 256 प्रकरणों में जप्त गांजा 2720.776 किलोग्राम, 129 नग टेबलेट एवं 8 शीशी सिरप, बलौदा बाजार जिले में गांजा के 38 प्रकरणों में जप्त गांजा 733.798 किलोग्राम, 4648 नग टेबलेट एवं



160 शीशी सिरप, महासमुंद जिले में गांजा के 47 प्रकरणों में जप्त 1271.120 किलोग्राम, धमतरी जिले में गांजा के 26 प्रकरणों में जप्त 504.187 किलोग्राम, गरियाबंद जिले में गांजा के 34 प्रकरणों में जप्त 875.760 किलोग्राम, तथा जी.आर.पी. रायपुर में गांजा के 03 प्रकरणों में जप्त 18.35 किलोग्राम इस प्रकार कुल 6123.676 किलोग्राम गांजा, 4777 नग टेबलेट एवं 168 शीशी सिरप को विधि सम्मत तरीके से नियामानुसार नष्टीकरण किया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान रेंज स्तरीय गठित समिति के अध्यक्ष एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, रायपुर आरिफ एच. शेख, सदस्य प्रशांत अग्रवाल पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर, प्रशांत ठाकुर पुलिस अधीक्षक धमतरी, अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रायपुर कीर्तन राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महासमुंद राजेश देवांगन एवं उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता बाज एवं थाना प्रभारी धरसींवा शिवेन्द्र राजपूत उपस्थित रहें।

# हाथी ने पटककर पति को मार डाला, पत्नी ने भागकर बचाई जान

**धमतरी (आरएनएस)।** धान फसल की रखवाली कर रहे पति-पत्नी के सामने रात में चार से पांच हाथी पहुंच गए. जान बचाकर दोनों भागने लगे, लेकिन पति हाथी के सामने गया. हाथी ने उन्हें पटककर व रौंदकर मार डाला, लेकिन पत्नी ने भागकर अपनी जान बचा ली।

बुधवार को वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नगरी ब्लॉक मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर वन परिक्षेत्र रिसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत खल्लारी है. क्षेत्र में इन दिनों 35 हाथियों का दल जंगल व गांव क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं. ऐसे में किसान अपने खेतों में तैयार धान फसल की रखवाली कर रहे हैं, इस बीच ग्राम खल्लारी निवासी श्याम लाल मरकाम 66 वर्ष पुत्र बुधराम मरकाम अपनी पत्नी लछंती बाई के साथ घर से लगे खेत में रखे धान फसल की रखवाली करने गए थे,



तभी रात एक से तीन बजे के बीच अचानक उनके खेत के पास चार से पांच हाथी पहुंच गए. हाथियों को देखकर दोनों भागने कोशिश की, लेकिन श्यामलाल मरकाम के सामने एक हाथी आ गया और उसे पकडक़र जमीन पर पटककर रौंद दिया, इससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. जबकि उनकी पत्नी लछंती बाई किसी तरह भाग कर अपनी जान बचा ली.।

घटना की जानकारी जब ग्रामीणों को लगी, तो वे घटनास्थल पर पहुंचे, तो बुजुर्ग श्यामलाल की मौत हो चुकी थी. बुधवार सुबह ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए. मौके पर वन विभाग की टीम व पुलिस पहुंची।

मौका मुआयना के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए नगरी भेजा गया. पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को सौंप दिए. खल्लारी में हुई घटना के बाद आसपास के गांवों में दहशत है. क्षेत्र के ग्रामीण रतजगा कर रहे हैं. घरों के सामने आग जलाकर सो रहे हैं, ताकि हाथी उनके घरों में न आ सके।

# यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे पर छत्तीसगढ़ को किया जाएगा सम्मानित

- हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के संचालन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले राज्यों का भारत सरकार करेगी सम्मान
- छत्तीसगढ़ में अभी 4887 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स संचालित, दिसम्बर तक के निर्धारित लक्ष्य से 62 और सेंटर्स को किया फंक्शनल

**रायपुर (आरएनएस)।** यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे के मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 10-11 दिसम्बर को बनारस में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के संचालन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने वाले राज्यों को सम्मानित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के संचालन के लिए दिसम्बर-2022 तक के लिए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा सेंटर्स को फंक्शनल कर लिया है। छत्तीसगढ़ को कुल 4825 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन कर हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर्स के रूप में संचालित करने का लक्ष्य मिला था। राज्य में अभी इस लक्ष्य से 62 अधिक यानि 4887 केंद्रों का संचालन हो रहा है।

प्रदेशवासियों को सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (ष्ट॥ह्र) नियुक्त किए गए हैं। इन केंद्रों में प्रसव पूर्व देखभाल व प्रसव, नवजात शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं संचारी रोग व गैर-संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोगी देखभाल एवं प्रबंधन, आंख-नाक-कान-गला संबंधी सामान्य देखभाल, मुख स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा जैसी 12 तरह की स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करने इन केंद्रों के माध्यम से योग एवं वेलनेस की गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में 30 साल से अधिक उम्र के लोगों के रक्तचाप, डायबिटीज व कैंसर जैसी बीमारियों की नि:शुल्क जांच भी की जाती है। इनके मरीजों को जरूरत के अनुसार नि:शुल्क दवा और परामर्श भी दिया जाता है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स में उपचार के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ जीवन-शैली के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इन सेंटर्स में गांव में ही इलाज मिलने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भीड़ कम हुई है। इससे मरीजों को इलाज के लिए ज्यादा दूरी भी तय नहीं करनी पड़ रही है। किसी व्यक्ति में गंभीर बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर उसे समय रहते जानकारी दे दी जाती है जिससे वह समय पर अपना इलाज करा सके। स्वास्थ्य विभाग जरूरत की सभी दवाईयां हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहा है ताकि प्राथमिक व नियमित तौर पर चलने वाला उपचार गांव में ही संभव हो सके।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.पी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य राज्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU